<u>दिनांक 17.02.2022 को चाईबासा–टोन्टो–रोआम पथ निर्माण हेतु वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन।</u>

दिनांक 17.02.2022 को चाईबासा–टोन्टो–रोआम पथ निर्माण हेतु समर्पित किये गये वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यह प्रस्ताव कार्यपालक अभियंता, RCD, Road Division चाईबासा द्वारा समर्पित किया गया है। यह परियोजना दो वन प्रमण्डलों यथा चाईबासा एवं कोल्हान वन प्रमण्डल से संबंधित है। चाईबासा वन प्रमण्डल में इस परियोजना हेतु कुल 10.838 हे० वनभूमिं (9.235 हे० सुरक्षित वन एवं 1.603 हे० जंगल झाड़ी) के अपयोजन हेतु प्रस्ताव दिया गया है।

दिनांक 17.02.2022 को स्थलीय निरीक्षण के समय प्रयोक्ता अभिकरण के प्रतिनिधि श्री सुनील कुमार, सहायक अभियंता, श्री शशि मुर्मू, कनीय अभियंता एवं अन्य कर्मचारी तथा वन क्षेत्र पदाधिकारी, चाईबासा वन प्रक्षेत्र एवं अन्य वन कर्मी उपस्थित थे। चाईबासा वन प्रमण्डल में अपयोजन हेतु आवेदित वनभूमि तथा जंगल झाड़ी मौजा बिरसिंहहातु, माईलपी, सुईम्बा, रेगड़ाहातु, मुरूमबुरा एवं लुईया के अन्तर्गत है। प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा बिरसिंहहातु एव माईलपी, पी०एफ० में 3050'x9' वर्गफीट (रकवा 0.26 हे०) में वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्रावधानों के उल्लंघन कर भारत सरकार के बिना पूर्वानुमति के मिट्टी मुरूम का कार्य किया गया है।



निरीक्षण के समय पाया गया कि कुछ प्रस्तावित स्थलों पर वन क्षेत्र में Moderately Dense Forest है जबकि कुछ अन्य स्थलों पर अधिकांशतः झाड़ियों एवं Pole प्रकार के क्षेत्रों का वन अवस्थित हैं। प्रयोक्ता अभिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक मौजा में पड़ने वाले वृक्षों की गणना सूची वन क्षेत्र पदाधिकारी, चाईबासा वन प्रक्षेत्र के देख रेख में तैयार की गई है एवं स्थल निरीक्षण के समय ग्रामीणों एव वनकर्मियों द्वारा बताया गया कि प्रस्तावित परियोजना स्थल के वन क्षेत्र में हाथी, भालू, सियार कोटरा (Barking Deer), मोर आदि वन्यप्राणी पाये जाते है। इस परियोजना अन्तर्गत पड़ने वाले वनभूमि के 10 कि०मी० त्रिज्या में कोई राष्ट्रीय उद्यान/वन्यप्राणी आश्रयणी/बाध आरक्ष/जैव विविधता आरक्ष अवस्थित नहीं है। परन्तु पश्चिमी सिहभूम जिला अन्तर्गत सभी वनों को सिंहभूम गज आरक्ष के रूप में घोषित किया गया है।

Kumar 17/02/2022

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
चाईबासा वन प्रमण्डल, चाईबासा।